हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
3 अक्तूबर 2022, बरेली

PAGE NO 06, MIDDLE

₹3.5 करोड़ की स्कॉलरशिप बांटी

एसआरएमएस

बरेली, मुख्य संवाददाता। स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराममूर्ति की 34 वीं पुण्यतिथि पर रविवार को एसआरएमएस में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि मानवसेवा और राष्ट्र सेवा ही उनका उद्देश्य है और संस्थान इसके लिए कृतसंकल्पित है। मेयर उमेश गौतम ने कहा कि श्रीराममूर्ति स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही भारतीय संस्कृति के पोषक थे। इस अवसर पर केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. शिव नारायण कुरील, ग्वालियर स्थित राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. साहित्य कुमार नाहर और पत्रकार अंशुमान तिवारी को श्रीराममूर्ति प्रतिभा अलंकरण प्रदान किया गया। सालाना कहानी प्रतियोगिता में विजेताओं निशांत कुमार को प्रथम पुरस्कार, विकास कुमार को द्वितीय पुरस्कार और त्रिज किशोर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल को वाद विवाद प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में और बरेली कालेज को वाद विवाद प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में चल वैजयंती प्रदान की गई। ट्रस्ट के सभी शैक्षिक संस्थानों के मेधावी विद्यार्थियों को 3.5 करोड़ की स्कालरशिप प्रदान की गई। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक शहजिल इस्लाम, भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, डीआरएम एनईआर आशुतोष पंत, ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुरेश सुंदरानी, डॉ.वंदना शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट प्रदान करते कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व अन्य।